RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
अब 14 वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

हो जाओ सावधान



वर्ष-14 अंक-27 | अम्बिकापुर, मंगलवार, 07 मई 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट, पीएम मोदी और अमित शाह का नाम भी शामिल

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली में होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी।

इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, हरदीप सिंह पुरी, स्मृति ईरानी एवं अर्जुन राम मेघवाल, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश सीएम मोहन यादव, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, राजस्थान सीएम भजन लाल शर्मा, हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा एवं दीया कुमारी और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नाम शामिल हैं।

पार्टी ने पूर्व सांसदों हर्ष वर्धन, मीनाक्षी लेखी, विजय गोयल, प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी और गौतम गंभीर के साथ ही हाल ही में कांग्रेस छोड़कर दोबारा भाजपा में शामिल होने वाले अरविंदर सिंह लवली को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, तरुण चुग एवं दुष्यंत कुमार गौतम, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, ओम प्रकाश धनखड़, अलका गुर्जर, मुख्तार अब्बास नकवी, मनोज तिवारी, के. अन्नामलाई, विजेंद्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय को भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया गया है। दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर एक ही चरण में 25 मई को मतदान होगा।



## सीएम केजरीवाल पर 'सिख फॉर जस्टिस' से 133 करोड़ रुपए का फंड लेने का आरोप, एनआईए जांच की सिफारिश



**नई दिल्ली।** दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर राजनीतिक फंडिंग प्राप्त करने के लिए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। एलजी के पास वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आशू मोंगिया की शिकायत आई थी, जिसमें कहा गया था कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी आतंकी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर यानी 133 करोड़ रुपए लिए थे, ताकि देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई कराई जा सके। इस शिकायत के आधार पर एलजी ने यह सिफारिश की है। लेटर में लिखा है कि 1 मई को एलजी के पास वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव आशू मोंगिया ने एक शिकायत भेजी थी। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आम आदमी पार्टी के पूर्व कार्यकर्ता डॉ. मुनीष कुमार रायजादा के कुछ पोस्ट का प्रिंटआउट, एक लेटर और एक पेनड्राइव भी थी। अपनी शिकायत में आशू मोंगिया ने पेनड्राइव के एक वीडियो का जिक्र किया था, जिसमें खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस का फाउंडर गुरपतवंत सिंह पन्नू ने यह दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर यानी 133.60 करोड़ रुपए की फंडिंग ली है। इसमें यह दावा भी किया गया था कि 2014 में केजरीवाल ने न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल में खालिस्तान समर्थक सिखों से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में केजरीवाल ने वादा किया था कि अगर आम आदमी पार्टी को खालिस्तानी समूहों से फंडिंग मिलती रहेगी तो वे देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करेंगे।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च, भगवा रंग और तिरंगे ने बढ़ाई खूबसूरती

**नई दिल्ली।** 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज के मेजबानी में आयोजित होने वाले आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम तैयार हैं। टीम इंडिया ने अपनी नई जर्सी भी लॉन्च कर दी है। एडिडास ने सोमवार को शानदार तरीके से टीम इंडिया की वर्ल्ड कप 2024 के लिए नई जर्सी को लॉन्च किया। बीसीसीआई ने सोमवार को एक वीडियो जारी कर टीम इंडिया की जर्सी लॉन्च की। इस वीडियो में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, कुलदीप यादव और स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा नजर आ रहे हैं। टीम इंडिया की जर्सी हेलीकॉप्टर से लॉन्च होती है और रोहित शर्मा, कुलदीप और जडेजा इस देखते रह जाते हैं। नई जर्सी के ऊपर सफेद पट्टी दिख रही है और बीच में नीला रंग है जबकि बाहों पर भगवा कलर नजर आ रहा है। गले पर तिरंगा चारों ओर बना हुआ है, जो इसकी खूबसुरती को बढ़ाता है।





## विद्यार्थी ध्यान दें : आईसीएसई 10वीं, आईएससी 12वीं के नतीजे जारी




**नई दिल्ली ।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने 10वीं और 12वीं बोर्ड 2024 के नतीजे घोषित कर दिए है। जो स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे वो अपना रिजल्ट वेबसाईट पर जाकर चेक कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें यूआईडी और इंडेक्स नंबर दर्ज करना होगा। 10वीं में 99.65 प्रतिशत लड़कियां और 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए हैं। द्वस्ष्ट 12वीं में 98.92 प्रतिशत लड़कियां और 97.53 प्रतिशत लड़के पास हुए हैं। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने कल जानकारी दी थी कि दोनों कक्षाओं के लिए नतीजे सोमवार, 6 मई को सुबह 11 बजे घोषित किए जाएंगे। रिजल्ट चेक करने के लिए छात्रों को यूनिक आईडी, इंडेक्स नंबर, कैप्चा की जरूरत है। इस साल सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाएं, कक्षा 10 के लिए 28 मार्च और कक्षा 12 के लिए 3 अप्रैल को समाप्त हुई थी। साल 2023 के रिजल्ट में गर्ल्स हाईस्कूल की 12वीं की छात्रा मावरा नसीब और ब्वॉयज हाईस्कूल के 10वीं के छात्र सार्थक सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर बनी मेरिट में तीसरा स्थान हासिल किया था। ह्यूमैनिटीज कैटेगरी की मावरा नसीब ने 99.25 प्रतिशत अंक जबकि सार्थक सिंह ने 99.40 फीसदी नंबर प्राप्त किए थे। 12वीं के कोऑर्डिनेटर और सेंट जोसेफ कॉलेज के प्रिंसिपल फादर थॉमस कुमार के अनुसार, प्रयागराज के 19 और प्रतापगढ़ के एक कॉलेज के लगभग 3200 छात्र-छात्राओं ने 12वीं की परीक्षा दी थी।

## मां की हैवानियत : मगरमच्छों से भरी नहर में फेंक आई 6 साल का बेटा

**बेंगलुरु।** उत्तर कन्नड़ जिले दांडेली तालुक के हालामाडी गांवकी से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां एक महिला ने अपने पति से झगड़ा करने के बाद अपने 6 साल के बेटे को नहर में फेंक दिया। काली नदी से निकनले वाली उस नहर में बड़ी संख्या में मगरमच्छ पाए जाते हैं। बाद में बच्चे के अंग मगरमच्छ के जबड़े में फंसे पाए गए। ये जानकारी पुलिस ने दी।



पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला सावित्री और उसके पति रवि कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक ये दंपती अकसर अपने बच्चे की दिव्यांगता को लेकर लड़ा करते थे। उनका 6 साल का बेटा जन्म से ही गूंगा और बहरा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, शनिवार को उनका झगड़ा इतना ज्यादा बढ़ा कि महिला ने बेटे को नहर में फेंक दिया। इसके बाद मगरमच्छों ने बच्चे को शिकार बना लिया। जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड डाइवर्स की टीम के साथ पुलिस नहर के पास पहुंची। तुरंत सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अंधेरा होने की वजह से पुलिस के हाथ कुछ नहीं लग सका। रविवार को सुबह 9 बजे के आसपास एक मगरमच्छ के जबड़ों में फंसा बच्चे का शव पाया गया। पूरे शरीर पर गहरे घाव थे। पुलिस ने बताया, दंपती के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी शख्स राजमिस्त्री के सहयोगी के तौर पर काम करता है। वहीं महिला घरों में काम करती है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की आगे जांच की जा रही है।




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप्प No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

## संपादकीय

### समूचा विश्व भयाक्रांत

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ खतरे की घंटी है। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामों से समूचा विश्व भयाक्रांत है। हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिए आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिए शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता क्योंकि इससे अपव्यय तो होता ही है, साथ ही गलत हथियारों के हाथों में पड़कर दुरुपयोग की आशंकाएं बढ़ जाती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, दूसरी तरफ इस्राइल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में सवाल स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल और भी हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले भी हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिंताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में सर्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन युद्ध ने देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है तो अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नम्बर पर है। पिछले 25 सालों में पहली बार अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका ने दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिए जिस अपसंस्कृति को दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड ऑर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है। लगता है कि 'विश्व मानव' का दम घुट रहा है, और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडंबना देखिए, अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है, लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी देश में नहीं है। कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोगों को मार डाला। 2014 में अमेरिका में हत्या के दर्ज सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद मामलों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। दरअसल, मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना जरूरी है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक या दूसरे देश की जीत नहीं, बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिए कराया है। युद्ध से तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा जो दुनिया की बड़ी चिंता का सबब है। बड़े शक्तिसंपन्न देशों को युद्ध विराम के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निर्माता हैं, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसंपन्न देशों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की आशंकाएं मैदान में, समुद्र में, आकाश में तैरती रहेंगी।

# भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस, इनके अधिकांश प्रधानमंत्री पर घोटाले के आरोपः विष्णुदेव साय



**रायपुर।** अगर मैं कहूं कि कांग्रेस ही भ्रष्टाचार की जननी है तो ये कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी. आजादी के बाद जितने कांग्रेसी प्रधानमंत्री हुए, उनमें स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक अधिकांश पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे. स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल में बोफोर्स घोटाले के कारण उनकी सरकार चली गई. यहां तक कि खुद राजीव गांधी स्वीकार करते थे कि मैं दिल्ली से 1 रुपए भेजता हूं तो लोगों तक केवल 15 पैसा ही पहुंच पाता है. मनमोहन सिंह सरकार में भी अनेक घोटाले हुए, उस समय जब भी कोई समाचार पत्र या टीवी में न्यूज चैनल देखते तो हर दिन कोई नया स्कैंडल सामने आता था. कोलगेट घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम घोटाला, अगस्ता हेलीकॉप्टर खरीदी घोटाला जैसे आरोप मनमोहन सरकार पर लगे. इन्होंने जमीन छोड़ा ना आसमान, हर जगह घोटाला और भ्रष्टाचार किया. ये बातें सीएम विष्णुदेव साय ने कही।

एक साक्षात्कार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब 2018 में विधानसभा चुनाव हुए तो जनता ने कांग्रेस पार्टी पर बहुत बड़ा विश्वास करके उन्हें सरकार में बैठाया था, लेकिन यहां भी पांच साल कांग्रेस सरकार ने सिर्फ घोटाले किए. पूर्व मुख्यमंत्री पर भी महादेव सट्टा ऐप में प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगा. भारतीय जनता पार्टी में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है. नरेंद्र मोदी ने जब पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में अपना दायित्व संभाला तो उन्होंने कहा था कि 'ना खाऊंगा ना खाने दूंगा' और सौभाग्य है इस देश का कि दो कार्यकालों के बाद भी मोदी सरकार व उनके किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार या घोटालों के आरोप नहीं लगे. इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी हम भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं और जो भी इसमें लिप्त पाया जाएगा उस पर हमारी सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'वोट जिहाद' शब्द बोलने के सवाल पर सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है इनके पूर्व प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह बोल चुके हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, लेकिन ये सब यहां नहीं चलने वाला. एसी, एसटी, ओबीसी व सामान्य, सभी वर्ग के लोग इस देश में रहते हैं जो इस देश की चिंता करते हैं इसलिए सबका हक बराबर है. एक विशेष समुदाय के वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कांग्रेस पार्टी करती आई है।

पिछली कांग्रेस द्वारा मोदी सरकार पर भेदभाव के आरोप पर साय ने कहा कि केन्द्र की मोदी की सरकार कभी किसी से भेदभाव नहीं करती है. पिछली कांग्रेस सरकार के साथ भी कोई भेदभाव नहीं किया गया था, लेकिन यहां की पूर्व कांग्रेस सरकार एवं स्वयं भूपेश बघेल नहीं चाहते थे कि केंद्र की योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को मिले क्योंकि इसका श्रेय भाजपा और मोदी जी को चला जाएगा. उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में 18 लाख गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हो गए. भारत सरकार द्वारा इसका पैसा भी भेजा गया, गरीबों के पक्का मकान बनवाने हेतु लगातार छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र लिखा गया लेकिन यहां की कांग्रेस सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया. हर घर जल पहुंचाने के लिए संकल्पित भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'जल जीवन मिशन' योजना भी कांग्रेस सरकार में कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गई. जबसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी हैं, केंद्र सरकार की सभी योजनाएं एवं मोदी की गारंटी का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम हमारी सरकार कर रही है।

चुनाव के बाद विष्णु सरकार की जनहितैषी योजनाओं के बंद हो जाने के सवाल पर विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है. उन्हें अपनी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है इसलिए वे मुद्दे की बात नहीं कर रहे है, केवल भ्रम और झूठ फैला रहे हैं. संविधान खतरे में पड़ जाएगा, आरक्षण समाप्त कर देंगे, महतारी वंदन का पैसा व 3100 रूपया धान खरीदी चुनाव तक है, कांग्रेसी ये भ्रम लोगों के बीच पैदा कर रहे हैं, लेकिन जनता वास्तविकता को जानती है वह इनके झांसे में नहीं आने वाली. उन्होंने कहा कि मैं बतौर मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जब तक हमारी सरकार है, हमारी कोई भी योजना या मोदी की गारंटी बंद नहीं होगी. प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि न संविधान को कोई खतरा है, न किसी का आरक्षण समाप्त होगा. अनुसूचित क्षेत्रों में धर्मांतरण को रोकने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मांतरण का विरोध हमने लगातार किया है और जब हम सरकार में हैं तो आने वाले समय में यदि जरूरत पड़ी तो इसके खिलाफ हम कठोर कानून लेकर आएंगे.

## तीसरे चरण में सीजी की 7 सीटों पर आज होगी वोटिंग, सीएम साय गृह ग्राम में करेंगे मतदान



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग होगी. सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर सीट पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा. प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने गृह ग्राम बगिया में मतदान करेंगे. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर जिला स्थित गृह ग्राम बगिया में अपना मतदान करेंगे. इसके लिए वे रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास से बगिया जाएंगे. साय ने छत्तीसगढ़ की जनता से मतदान में शामिल होने की अपील की है. अपने 47 दिन के तूफानी जनसभाओं के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल प्रातः 08ः35 बजे अपने गृह ग्राम बगिया के लिए रवाना होंगे. जहां कल वो गांव के प्राथमिक शाला बूथ क्रमांक 49 में सपरिवार मतदान करेंगे. साय कल प्रातः 10ः05 बजे से शाम 04ः10 बजे तक अपने निज निवास बगिया में रहेंगे और क्षेत्र के लोगों के साथ मेल-मुलाकात करेंगे. शाम 04ः15 बजे सीएम साय वापस राजधानी रायपुर के लिए रवाना होंगे।

## बहन के घर जाने निकली युवती का अपहरण कर दरिंदो ने किया गैंगरेप

### फिर अंबिकापुर से गोवा ले जाकर भी की दरिंदगी, रिश्तेदार समेत 4 आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में 3 माह पहले अपनी बहन के घर जाने निकली युवती का अपहरण कर दरिंदो ने उसके साथ कार में सामूहिक दुष्कर्म किया गया. पीड़िता से अजिरमा में दुष्कर्म करने के बाद आरोपियों ने गोवा ले जाकर भी गैंगरेप किया. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. इस दरिंदगी को अंजाम देने वाले आरोपियों में युवती का रिश्तेदार बहनोई भी शामिल है. आरोपियों को एमसीबी जिला (मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर) और सूरजपुर के विश्रामपुर से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता युवती ने 4 मई को अंबिकापुर के गांधीनगर थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 जनवरी 2024 को अपने हॉस्टल से बहन के घर जा रही थी. इस बीच रास्ते में आरोपी शुभम, अंशु के मोबाइल से प्रार्थिया को फोन कर घर छोड़ देने की बात बोलते हुए एक्सयूवी कार में बैठा लिया. जिसके बाद युवती ने कार में देखा कि कार में 4 लोग मौजूद थे. जिनमें से शुभम और अंशु उर्फ अनुराग प्रार्थिया के जानपहचान और रिश्तेदार हैं. जिनके साथ 2 अन्य युवक पुष्पराज और संजय भी थे. आरोपियों ने युवती कार में बैठकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर अजिरमा में कार में जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थिया को जबरन कार में बैठाकर गोवा ले जाकर सभी आरोपियों ने जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. उसके बाद 22 जनवरी को वापस लेकर युवती को उसकी बहन के घर छोड़ दिए. मामले में युवती की रिपोर्ट पर गांधीनगर थाना में धारा 323, 366, 506, 376 (डी) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया. जिसके बाद पुलिस आरोपियों का पता तलाश करने में जुट गई. इस दौरान सभी आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया. जिसमें आरोपियों ने अपना नाम (1) शुभम उजेरिया 28 वर्ष (2) अंशु उर्फ अनुराग उजेरिया 22 साल दोनों निवासी शिवपुर, बरदर थाना खड़गवां, जिला मनेन्द्रगढ़ (3) संजय चौधरी 27 साल पोड़ीडीह, छापर थाना खड़गवां (4) पुष्पराज लकड़ा उम्र 19 कुम्दा कॉलोनी, करमपुर थाना विश्रामपुर होना बताया. आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ किये जाने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया. आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने के बाद गिरफ्तार कर रिमांड तैयार कर कोर्ट में पेश किया गया है. आरोपियों के कब्जे से पॉलिक्से ने 3 मोबाइल और घटना में प्रयुक्त एक्सयूवी कार बरामद किया है.

# स्ट्रांग रूम के बाहर सजा जुए का फड़

## चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारी लगा रहे थे हार-जीत का दांव, दो पुलिसकर्मी निलंबित

**बिलासपुर।** न्यायधानी के कोनी में मतदान दल रवाना करने चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी और कर्मचारी जुआ खेलते नजर आए. मौके पर हजारों रुपए के हार-जीत का दांव लग रहा था. इस दौरान किसी ने मोबाइल से वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया. पुलिसकर्मियों के जुआ खेलते हुए वीडियो वायरल होने पर एसपी ने दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया है।

दरअसल, कोनी स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्वाचन आयोग ने स्ट्रॉन्ग रूम बनाया है. यहां पर तीसरे चरण के मतदान के लिए कर्मियों को सामग्री देने के लिए बुलाया गया था. इनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं. स्ट्रांग रूम के बाहर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में जुआ खेलते नजर



आए. इनके साथ कुछ सरकारी कर्मचारी भी जुआ खेलने लगे, जिसका वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया।

बताया जा रहा है कि कोनी स्थिति स्ट्रांग रूम में कर्मचारी और पुलिसकर्मी पहुंच गए थे, लेकिन अधिकारी नहीं पहुंचे थे. इस दौरान टाइम पास के लिए पुलिसकर्मी जुए के दांव लगाने लगे और महफिल जमा लिया. अफसरों की नजर भी जुआरी पुलिसकर्मियों पर नहीं पड़ी, पर मोबाइल कैमरे में जुआ खेलते बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी कैद हो गए. इधर पुलिसकर्मियों के जुआ खेलते वीडियो वायरल होने पर एसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक कमलेश सूर्यवंशी और अविनाश चंदेल को निलंबित कर दिया है।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, मंगलवार, 07 मई 2024


# राधिका खेड़ा के आरोप पर सुशील आनंद ने तोड़ी चुप्पी

## कहा- नहीं किया गया किसी प्रकार का कोई दुर्व्यवहार, बीजेपी के साथ मिलकर कर रही षड्यंत्र



**रायपुर।** कांग्रेस से इस्तीफा दे चुकी पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के लगाए आरोपों पर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशीलानंद शुक्ला ने चुप्पी तोड़ते हुए पलटवार किया है. उन्होंने आज राजीव भवन में प्रेस वार्ता के दौरान खेड़ा के आरोपों को बेबुनियाद बताया. उन्होंने कहा कि मुझे ऐसी पत्रकार वार्ता को संबोधित करना होगा कभी सोचा नहीं था. राधिका खेड़ा मुझपर चरित्र हनन और शराब ऑफर करने और दरवाजा खटखटाने का आरोप लगाया है. जबकि मैं वहां रुका ही नहीं था और न ही उनसे केबिन में किसी प्रकार का कोई दुर्व्यवहार किया गया।

सुशील आनंद शुक्ला ने राधिका खेड़ा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें पता था वो ग़लत है और पार्टी की जांच रिपोर्ट में यह साबित हो जाएगा. निष्पक्षता, दृढ़ता और बेबाक़ी से जवाब देने पर मुझे इस षड्यंत्र में बीजेपी के साथ मिलकर फंसाया गया है. उन्होंने कहा कि उस घटना के वीडियो को सार्वजनिक किया जाए, उसके बाद सब क्रिस्टल क्लियर हो जाएगा की मैंने अभद्रता की है या नहीं की है।

### राधिका खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लगाए गंभीर आरोप

कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने अपना इस्तीफा देने के बाद आज दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी बात रखी, इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ मीडिया प्रभारी सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट समेत कई बड़े कांग्रेस नेताओं पर संगीम आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि राम मंदिर जाने पर मुझे काफी डांटा गया. साथ ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस के मीडिया प्रभारी सुशील आनंद शुक्ला ने न्याय यात्रा के दौरान शराब ऑफर की. अपने कार्यकर्ताओं के साथ वे रात में मेरे कमरे का दरवाजा खटखटाते थे. बता दे कि राधिका के इन आरोपों का जवाब देने के लिए छत्तीसगढ़ मीडिया प्रभारी सुशील आनंद शुक्ला ने आज रायपुर में यह प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।-

### राधिका ने राजनीति की सारी मर्यादा को लांघने का काम किया

प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि राधिका खेड़ा ने राजनीति की सारी मर्यादा को लांघने का काम किया है. वह चार महीने पहले भारत जोड़ो की यात्रा के सिलसिले में छत्तीसगढ़ आई थी. इन घटनाओं की जानकारी उस समय ही एआईसीसी को दी जा सकती थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया. धनंजय ठाकुर ने कहा कि उन्होंने पहले ही पार्टी छोड़ने का मन बना लिया गया था. इसके बाद चुनाव के दौरान पार्टी की छवि ख़राब करने के लिए सुनियोजित षड्यंत्र के तहत येसब किया जा रहा है. स्तरहीन राजनीति के लिए उन्हें खेद प्रकट करनी चाहिए।

### जानिए क्या है मामला ?

छत्तीसगढ़ संचार विभाग में मंगलवार 30 अप्रैल की शाम को राधिका खेड़ा ने मीडिया कर्मियों को बाइट के लिए आमंत्रित किया था. बाइट देने के बाद बाद वह संचार विभाग मौजूद थीं. कुछ देर में संचार अध्यक्ष प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के कमरे के बाहर बहस होने की आवाजें आने लगी. सुशील आनंद शुक्ला और राधिका खेड़ा के बीच कुछ-कुछ बातों को लेकर तीखी बहस होने लगी. बहस बढ़ते-बढ़ते इस कदर बढ़ गई की नौबत तू-तू, मैं-मैं और उससे आगे की आ गई थी. बढ़ते विवाद के बीच राधिका खेड़ा कांग्रेस भवन से रोते हुए बाहर निकली और अपने होटल के लिए रवाना हो गई. कांग्रेस भवन के अंदर हुई बहसबाजी की बात ज्यादा देर तक छिपी नहीं रही और राधिका खेड़ा के एक्स पर पोस्ट कर सारी सच्चाई बता दी. इसके कुछ दिन बाद ही उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया।

## राधिका खेड़ा के आरोप पर पीसीसी चीफ दीपक बैज का बयान

### कहा- सच है कि विवाद हुआ था, क्या कार्रवाई करनी है ये पार्टी को करना है निर्णय



**रायपुर।** कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद राधिका खेड़ा ने आज दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस लिया. कॉन्फ्रेंस में रोते हुए उन्होंने सुशील आनंद शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाए. राधिका खेड़ा के प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी मीडिया से चर्चा कर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि दो-तीन चीज उन्होंने कहा है. मैं राम भक्त हूं और पार्टी कार्यालय में अभद्रता हुई है. मैंने आईसीसी से इसका परीक्षण करने कहा है. मैंने जांच कर रिपोर्ट एआईसीसी को भेज दी है. आज हमारे कंट्रोल रूम में हो या अन्य जगह महिलाएं काम कर रही है. कांग्रेस में ऐसा कभी नहीं हो सकता है. उन्होंने बताया कि राधिका खेड़ा और सुशील आनंद के बीच छोटी-मोटी बहस होती रहती थी. पीसी के अधिकार को लेकर विवाद हुआ था यह सच है. रही बात राम मंदिर जाने की तो ये सही नहीं है, तो उससे किसी को कोई दिक्कत नहीं है। राधिका खेड़ा के बीजेपी में शामिल होने की संभावनाओं पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि शामिल होना न होना उनका व्यक्तिगत निर्णय है. अगर जो गलत है तो पार्टी करवाई करेगी. राधिका खेड़ा के लगाए गए आरोपों पर पीसीसी दीपक बैज ने कहा, गुस्से में हैं तो आरोप लगा रही हैं. शराब के मामले में कुछ नहीं कहना है. कौन दोषी है उनके साथ क्या करना ये पार्टी को निर्णय करना है। राधिका खेड़ा के भूपेश बघेल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से बात करने के विषय पर दीपक बैज ने कहा कि उन दोनों के बीच क्या बात हुई इसपर मैं कुछ नहीं कह पाऊंगा. अभी देखेंगे आगे जो भी पार्टी का निर्णय होगा.

## राधिका खेड़ा भाजपा में होंगी शामिल ! अजय चंद्राकर ने कहा- कांग्रेसियों ने उनका अपमान किया इसलिए आ रही हैं बीजेपी की ओर



**रायपुर।** कुछ दिन पहले राधिका खेड़ा ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला पर अभद्रता करने का आरोप लगाया था और रविवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दी. उनके इस्तीफे के बाद से कांग्रेस पर लागतार सवाल उठ रहे हैं और भाजपा आरोप लगा रही है. वहीं भाजपा वरिष्ठ नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि राधिका खेड़ा को कांग्रेस से उन्हें न्याय नहीं मिला, वे अपमानित हुई. उनके अपमान से छत्तीसगढ़ का सर शर्म से झुक गया है. दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. कांग्रेसियों ने उनका अपमान किया इसलिए भाजपा की ओर आ रही हैं. इसके साथ ही अजय चंद्राकर ने अन्य मुद्दों पर भी बयान दिया है। मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा देने पर कहा कि कांग्रेस से उन्हें न्याय नहीं मिला, वे अपमानित हुई. उनके अपमान से छत्तीसगढ़ का सर शर्म से झुक गया है. दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि कोई प्री प्लान नहीं होता, क्या अपमान प्री प्लान होता है ? लड़ाई झगड़ा प्री प्लान नहीं होता. कांग्रेसियों ने उनका अपमान किया इसलिए भाजपा की ओर आ रही हैं। इसके साथ ही राधिका खेड़ा के सुशील आनंद शुक्ला पर एफआईआर की मांग पर अजय चंद्राकर ने कहा, एफआईआर करवाना चाहिए और तुरंत कार्रवाई करना जरूरी है. राधिका के बीजेपी में शामिल होने की चर्चा पर चंद्राकर ने कहा कि हर राष्ट्रवादी का बीजेपी में स्वागत है. जो राष्ट्र को प्रेम करता है, उसका बीजेपी में स्वागत है. तीसरे चरण के चुनाव को लेकर बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी पूरी तरह से आश्वस्त है. भाजपा के पक्ष में नतीजें आयेंगे. भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतेगी. कांग्रेस चुनाव लड़ने की औपचारिकता कर रही है.

## रायपुर लोकसभा में 38 प्रत्याशी मैदान में, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट

### 23 लाख 75 हजार से ज्यादा वोटर चुनेंगे अपना सांसद

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की सात सीटों पर 7 मई की सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा. मतदान की समाप्ति 6 बजे शाम को होगी. रायपुर लोकसभा में 38 अभ्यर्थी मैदान में हैं. 9 विधानसभा में 2385 मतदान केंद्र में बनाए गए हैं. 23 लाख 75 हजार 379 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रायपुर लोकसभा के सांसद चुनेंगे.

रायपुर लोकसभा में 11 लाख 86 हजार 504 पुरुष मतदाता और 11 लाख 88 हजार 571 महिला मतदाता हैं. वहीं 304 तृतीय लिंग के मतदाता हैं. प्रत्येक मतदान केंद्रों में 3 बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा. जिले में कुल 245 मतदान केंद्रों का चयन कर माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति की गई है. 954 मतदान केंद्रों का चयन कर उसमें वेबकास्टिंग कराई गई है. रायपुर में 857 मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी महिलाओं को दी गई है. रायपुर उत्तर विधानसभा के 203 मतदान केंद्रों का महिलाएं संचालन करेंगी. इसी प्रकार 7 मतदान केंद्रों का




चयन दिव्यांगजनों के लिए किया गया है. 35 मतदान केंद्रों का संचालन युवा कर्मचारी करेंगे. 35 आदर्श मतदान केंद्र भी तैयार किए गए हैं. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधा के तहत रैंप, पेयजल, शौचालय, मेडिकल सुविधा एवं अन्य व्यवस्था की गई है.

### मतदान केंद्र पहुंचने के लिए वाहन की सुविधा

जिला प्रशासन मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराएगी. 80 से अधिक उम्र के मतदाताओं को वाहन की सुविधा रहेगी. साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को भी घर से आने-जाने के लिए वाहन की सुविधा मिलेगी.

## नेशनल हाईवे पर दो वाहनों के बीच जोरदार टक्कर

### ट्रेलर के उड़े परखच्चे, ड्राइवर की मौत, इधर कार ने मवेशियों को रौंदा, एक की गई जान, दो जख्मी




**बिलासपुर।** जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में बीती रात बिलासपुर अंबिकापुर मार्ग नेशनल हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं हुई. जिसमें एक तेज रफ्तार ट्रेलर चलती गाड़ी से टकरा गई. इस हादसे में ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए और ड्राइवर की मौके पर जी मौत हो गई. वहीं रतनपुर बाईपास में हुई दूसरी घटना में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर बैठे मवेशियों से टकरा गई. जिससे एक मवेशी की मौत हो गई और दो मवेशी बुरी तरह से जख्मी हो गए. वहीं कार में सवार तीन लोग बाल-बाल बच गए।

जानकारी के मुताबिक, पहली घटना देर रात करीब 2-30 बजे नेशनल हाईवे पर हुई. बिलासपुर की तरफ से ट्रेलर चालक कोरबा की ओर जा रहा था. बताया जा रहा है कि वह कोयला ट्रांसपोटिंग करने के लिए निकला था. ट्रेलर रतनपुर के जाली स्थित ठाकुर ढाबा के पास पहुंची थी. तभी ड्राइवर ने सामने जा रही अज्ञात गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे ट्रेलर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर बाबू लाल ट्रेलर में फंस गया. इस घटना की सूचना पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची, और ड्राइवर को बाहर निकालकर रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक ड्राइवर बाबू लाल कुजूर झारखंड का रहने वाला था. रतनपुर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.

### तेज रफ्तार कार ने मवेशियों को रौंदा

दूसरी घटना देर सोमवार की देर रात करीब एक बजे की है. कार सवार दो युवक और एक महिला कोरबा की तरफ से आ रहे थे. कार की रफ्तार काफी तेज थी. कार रतनपुर बाईपास स्थित दर्री के पास पहुंची थी. उसी समय हाईवे पर अंधेरे में बैठे मवेशी से कार टकरा गई, हादसे में कार सवार तीन लोग बाल-बाल बच गए, उनकी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. हादसे में एक मवेशी की मौत हो गई और 2 घायल हैं. मौके पर पहुंची रतनपुर पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है. घटना के बाद कार सवार दो युवक और महिला दूसरे साधन से बिलासपुर के लिए रवाना हुए.

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS



# छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर मतदान कल, प्रचार में प्रत्याशियों ने खूब बहाया पसीना, जानिए किसने किया सबसे ज्यादा खर्च

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अंतिम चरण में 7 सीटों पर मंगलवार को मतदान होना है. बढ़ते पारा के बीच राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. प्रत्याशी जीतने के लिए प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे. सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक खूब पैसा खर्च किया जा रहा है. इसमें भाजपा के उम्मीदवार सबसे आगे हैं.

### किसने किया सबसे ज्यादा खर्च ?

निर्वाचन आयोग के अनुसार 23 अप्रैल तक सबसे ज्यादा खर्च बिलासपुर से भाजपा उम्मीदवार तोखनराम साहू ने किया है. तोखन साहू 76 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर चुके हैं. वहीं प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने 26 लाख रुपए ही खर्च किए हैं. सबसे कम खर्च कांकेर से कांग्रेस उम्मीदवार बीरेश ठाकुर 3.29 लाख रुपए और रायपुर से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने 5.32 लाख रुपए खर्च किया है. वहीं कोरबा के दोनों प्रत्याशियों ने खर्च की जानकारी नहीं दी है.आने वाले दिनों में इन खर्चों की राशि में बढ़ोतरी हो सकती है।

### कितना खर्च कर सकते हैं प्रत्याशी ?

चुनाव में प्रचार-प्रसार करने के लिए 90 लाख रुपए की खर्च सीमा तय की गई है. हालांकि पार्टी कितना खर्च कर सकती है, इसकी कोई सीमा नहीं है. लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के खर्च की सीमा को आयोग समय-समय पर बढ़ाता रहा है. साल 2019 में यह लिमिट 70 लाख रुपए का था.

### कितने दिन के अंदर देना होता है चुनावी खर्च का ब्यौरा

वेबसाइट में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, प्रत्याशियों को चुनाव आयोग बैठक, रैली, विज्ञापन, पोस्टर-बैनर और वाहन पर खर्च करने की अनुमति देता है. सभी उम्मीदवारों को चुनाव खत्म होने के 30 दिनों के अंदर अपने खर्चे का विवरण चुनाव आयोग को देना जरूरी है.

### कैसे काउंट किया जाता है खर्च ?

जिला लेवल पर राज्य चुनाव आयोग चुनाव में खर्चे के लिए कई वस्तुओं की रेट लिस्ट प्रकाशित करते हैं. इस लिस्ट में उम्मीदवारों के लिए आवास, ट्रांसपोर्ट और होर्डिंग से लेकर टेंट, माला, झंडे और रैली में आने वाले लोगों के लिए भोजन शामिल है.

### अब तक किसने कितना किया खर्च

| लोकसभा सीट | प्रत्याशी का नाम | खर्च किया |
|---|---|---|
| बस्तर | कवासी लखमा (कांग्रेस)<br>महेश कश्यप (भाजपा) | 59,13,125<br>65,18,820 |
| कांकेर | बीरेश ठाकुर (कांग्रेस)<br>भोजराज नाग (भाजपा) | 3,29,210<br>21,95,400 |
| राजनांदगांव | भूपेश बघेल (कांग्रेस)<br>संतोष पांडेय (भाजपा) | 58 लाख+<br>55,51,584 |
| महासमुंद | ताम्रध्वज साहू (कांग्रेस)<br>रूप कुमार चौधरी (भाजपा) | 23 लाख+<br>69 लाख+ |
| सरगुजा | शशि सिंह (कांग्रेस)<br>चिंतामणि महाराज (भाजपा) | 5,88,581<br>45,50,000 |
| रायगढ़ | डॉ. मेनका देवी (कांग्रेस)<br>राधेश्याम राठिया (भाजपा) | 8,05,445<br>21 लाख+ |
| जांजगीर-चांपा | शिव डहरिया (कांग्रेस)<br>कमलेश जांगड़े (भाजपा) | 9,87,272<br>51,19,012 |
| कोरबा | ज्योत्सना महंत (कांग्रेस)<br>सरोज पांडेय (भाजपा) | अभी तक निर्वाचन आयोग को जानकारी नहीं दी है। |
| बिलासपुर | देवेंद्र यादव (कांग्रेस)<br>तोखनराम साहू (भाजपा) | 26,65,919<br>76,18,520 |
| दुर्ग | राजेंद्र साहू (कांग्रेस)<br>विजय बघेल (भाजपा) | 20,77,182<br>59,76,716 |
| रायपुर | विकास उपाध्याय (कांग्रेस)<br>बृजमोहन अग्रवाल (भाजपा) | 7,16,187<br>5,32,044 |

*नोट: सभी आंकड़े चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार*

## 7 लोकसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी पूर्ण




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर 7 मई को वोटिंग होगी. छत्तीसगढ़ के 7 सीटों में वोट डाले जाएंगे. जिसमें रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे. वहीं आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीटों के 58 विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा. इन लोकसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 1 करोड़ 39 लाख 01 हजार 285 है. पिछले चरण की तुलना में इस बार मतदाताओं की संख्या में 9.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इस बार के चुनाव में 11 लाख 87 हजार 470 मतदाता नए हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि कल राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### 7 लोकसभा सीटों में मतदाताओं का आंकड़ा

कुल मतदाता 1 करोड़ 39 लाख 01 हजार 285
पुरुष मतदाता 69 लाख 33 हजार 121
महिला मतदाता 69 लाख 67 हजार 544
तृतीय लिंग मतदाता 620
फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 3 लाख 98 हजार 416

### मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सुविधाएं

गर्मी को देखते हुए इस बार मतदान केंद्रों में वेटिंग हाल की अतिरिक्त व्यवस्था व्यवस्था की गई है. कूलर की भी व्यवस्था की गई है. मतदान केंद्रों में पंडाल लगाए जायेंगे. पेयजल, नींबू पानी और ओआरएस घोल की व्यवस्था की जाएगी. वहीं मेडिकल कीट के साथ मितानिनें भी मौजूद रहेंगी.

### मतदान केंद्र और ड्यूटी में तैनात कर्मियों की जानकारी

तीसरे चरण में मतदान के लिए 77592 मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई है.

कूल 2809 संगवारी मतदान केंद्र बनाये गए हैं.

306 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं.

235 मतदान केंद्र युवाओं द्वारा संचालित होंगे.

तृतीय चरण में कुल 25 मतदान केंद्र को असुरक्षित, 1072 मतदान केंद्र को संवेदनशील घोषित किया गया है. इन मतदान केंद्रों में अतिरिक्त सुरक्षा के लिए वेब कास्टिंग, वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी. कुल 283 मतदान केंद्र शेडो एरिया के रूप में चिन्हांकित किए गए हैं.

15 हजार 701 मतदान केंद्रों में से 7887 मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी.

रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, सरगुजा, रायगढ़ के 15 हजार 701 मतदान केंद्र में 37855 बैलट यूनिट, 19097 कंट्रोल यूनिट, 20984 वीवीपैट से मतदान होगा.

## बलौदाबाजार-भाटापारा ने 5वीं बार रचा इतिहास, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में नाम हुआ दर्ज

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के जिले बलौदाबाजार-भाटापारा का नाम लोकसभा चुनाव 2024 मे स्वीप अभियान में बेहतरीन भुमिका निभाने के लिए 5वीं बार 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज हुआ है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को एक साथ दो अवॉर्ड मिले हैं, जिसमें से एक स्वीप आटो जागरूकता अभियान जिसमें 151 आटो चालकों ने कलेक्टर के नेतृत्व में रैली निकाल मतदाताओं से मतदान की अपील की थी। वहीं दूसरा अवॉर्ड स्वीप दीपव घंटी रैली को लेकर मिला, जिसमें मतदाताओं की आरती उतारकर उन्हें मतदान हेतु आमंत्रित किया गया था। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की राज्य प्रतिनिधि सोनल शर्मा ने मतदान दलों की रवानगी से पहले उनकी उपस्थिति में कलेक्टर के.एल. चौहान एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र सौंपा और बधाई दी। इस मौके पर कलेक्टर चौहान ने कहा- मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आप सबने मिलकर स्वीप अभियान के तहत बहुत अच्छा काम किया, जिसका परिणाम मिला है कि, हमें आज दो अवार्ड मिले हैं और लोकसभा चुनाव 2024 में यह पांचवां है जो कि एक रिकार्ड है। उन्होंने रिकॉर्ड बनाने में जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों, मतदाताओं और पत्रकारों के सहयोगिता की बड़ी भूमिका बताई। उन्होंने कहा- मै सभी को बधाई शुभकामनाएं देता हूँ साथ ही आप सब बहुत अच्छे से मतदान संपन्न कराये इसके लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

## पहले बच्चों को बांटा गया गलत प्रश्नपत्र, फिर 45 मिनट बाद बदल दिया, आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा

**बालोद।** जिले में नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट अंडरग्रेजुएट परीक्षा के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है. यहां परीक्षा के दौरान पहले गलत एग्जाम पेपर बांटकर छात्र-छात्राओं को कंफ्यूज किया गया, फिर 45 मिनट अन्य परीक्षा प्रश्न पत्र को भरने के बाद उसे कैंसल कर दूसरा पत्र भरने कहा गया. उसके बाद एक्स्ट्रा समय देने की बात कही और समय भी नहीं दिया गया. परीक्षा खत्म होने के बाद जब इस बात की खबर बच्चों के परिजनों को लगी तो उन्होंने परीक्षा केंद्र में हंगामा खड़ा कर दिया।

बता दें कि देश में नीट की परीक्षा मेडिकल क्षेत्र की सबसे बड़ी परीक्षा मानी जाती है. जिसके लिए इस साल पहली बार बालोद जिले में दो केंद्र बनाए गए थे. इनमें से गवर्नमेंट आदर्श हाई स्कूल में बनाए गए केंद्र में यह लापरवाही देखने को मिली है. परीक्षा हॉल से निकले बच्चों ने शिक्षकों के ऊपर गंभीर आरोप लगाते




हुए कहा कि- हड्डियां टूट जाती है पढ़ाई करते-करते पैसे खर्च हो जाते हैं सुबह 3-30 बजे तक पढ़ते हैं, उसके बाद यहां पर इस तरह का रवैया किया जाता है. जिससे हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

परीक्षा केंद्र में ड्यूटी पर तैनात आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य अरुण साहू ने बताया कि हम अपनी गलती मान रहे हैं कि बच्चों को गलत एग्जाम पेपर दिया गया था, उन्होंने कहा कि बैंक से एग्जाम पेपर लाने में गलती हुई स्टेट बैंक और केनरा बैंक दोनों जगह नीट का एक प्रश्नपत्र जमा थे वहां से दोनों जगह से प्रश्न पत्र ले गए उसके बाद हम खुद कंफ्यूज हो गए थे, पहले बच्चों को दूसरा प्रश्न पत्र हल करने कहा गया फिर हमें लगा कि यह नहीं है तो फिर दूसरा प्रश्न पत्र दिए।

### दोबारा परीक्षा कराने पर अड़े परिजन

परीक्षार्थी और उनके परिजन दोबारा परीक्षा कराने और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग पर अड़ गए हैं. भारी हंगामे के बीच मौके पर पहुंची पुलिस टीम परीक्षार्थियों का बयान ले रही हैं।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547